प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक झारखंड समेत देशभर से नक्सलवाद को खत्म करने का दोहराया संकल्प, आज सीबीआई के भारतपोल पोर्टल का करेंगे शुभारंभ।
- झारखंड भाजपा 11 से 25 जनवरी तक चलाएगी संविधान गौरव अभियान, पार्टी नेता अमर बाउरी ने कांग्रेस पर बाबा साहब का अपमान करने का लगाया आरोप।
- 100 करोड़ रुपये से अधिक के जेटीडीसी घोटाला मामले में सीआईडी ने पूरी की जांच, छह आरोपियों के खिलाफ दाखिल किया चार्जशीट।
- रांची समेत राज्यभर में पहाड़ों से आने वाली सर्द हवा का फिर दिखेगा असर, मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट का जताया पूर्वानुमान।
- राउरकेला में खेले जा रहे हॉकी इंडिया लीग में सूरमा हॉकी क्लब ने पेनल्टी शूटआउट में दिल्ली एसजी पाइपर्स को एक के मुकाबले तीन गोल से हराया।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला सशक्तीकरण में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका की सराहना की है। राष्ट्रपति मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित विभिन्न राज्यों के पंचायती राज संस्थाओं से जुडी अनुसूचित जनजाति की महिला प्रतिनिधियों के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुये कहा कि महिला सशक्तीकरण देश में लोकतंत्र का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वर्गो के उत्थान के लिए काम कर रही है।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आईडी विस्फोट में जिला रिजर्व गार्ड के जवानों की मौत पर दुख व्यक्त किया है। श्री शाह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और विश्वास जताया कि जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने झारखंड समेत देशभर से मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प दोहराया।

*******************

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज नई दिल्ली में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ करेंगे।

*******************

कर्नाटक और गुजरात में ह्यूमन मटैन्यूमो वायरस– एचएमपीवी की पुष्टि के बाद झारखंड में भी सतर्कता बरतने को कहा गया है। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने राज्य के सभी सिविल सर्जन के साथ ऑनलाइन बैठक की और इस वायरस से बचाव के लिए एहतियाति कदम उठाने का निर्देश दिया।

*******************

झारखंड भाजपा ने 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इसके जरिए भाजपा जन–जन तक बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संघर्ष और विचारों को पहुंचाने का काम करेगी। पार्टी के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने रांची में पत्रकारों को बताया कि बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान का ही फल है कि आज शीर्ष पायदान पर देश की एक आदिवासी महिला विराजमान है और चाय बेचने वाला एक व्यक्ति प्रधानमंत्री के रूप में जन सेवा कर रहा है। श्री बाउरी ने कांग्रेस पर बाबा साहब का अपमान करने का आरोप लगाया।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*******************

झारखंड पर्यटन विकास निगम– जेटीडीसी घोटाला मामले में सीआईडी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। सीआईडी ने छह आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट में जेटीडीसी के तत्कालीन लेखापाल सह कैशियर गिरिजा प्रसाद सिंह, कैनरा बैंक निफ्ट हटिया के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अमरजीत कुमार, साजिशकर्ता बोकारो के समीर, रांची के लोकेश्वर साह, अमन कुमार श्रीवास्तव और रोशन चतुर्वेदी के नाम शामिल हैं।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
*******************

आज सुबह पटना, सुपौल, अररिया, शिवहर, सीवान समेत बिहार के कई भागों में भूकंप के झटके महसूस किये गये। नेपाल और तिब्बत सीमा के पास रिक्टर स्केल पर 7 दशमलव एक तीव्रता वाले भूकंप का असर बिहार में सुबह करीब 6 बजकर 35 मिनट पर महसूस किया गया, जो कई सेकेंड तक जारी रहा। इस दौरान भय के कारण लोग अपने घरों और अपार्टमेंट से बाहर आ गये। अभी तक भूकंप के झटकों से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

*******************

सर्दी के मौसम में हजारीबाग प्रवासी पक्षियों का पसंदीदा स्थान है। विदेशी पक्षी हजारों किलोमीटर का सफर तय हजारीबाग पहुंचे हैं।

*******************

रांची समेत राज्यभर में पहाड़ों से आने वाली सर्द हवा का असर एक बार फिर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। विभाग ने कहा है कि आज से आसमान से बादल छंट जायेंगे जिससे फिर ठंड का प्रकोप बढ़ेगा। मौसम विभाग ने सुबह में कोहरा या धुंध छाये रहने की भी संभावना व्यक्त की है।

*******************

राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में चल रहे हॉकी इंडिया लीग में कल रात सूरमा हॉकी क्लब ने फुल टाइम में 2–2 से ड्रॉ के बाद हुए पेनल्टी शूटआउट में दिल्ली एसजी पाइपर्स को 3–1 से हरा दिया। एक रिपोर्ट–

*******************

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा मंइयां सम्मान योजना की बढ़ी हुई राशि की पहली किस्त जारी करने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री के हवाले से लिखा है– जो महिलाओं को नजरअंदाज करेगा, कभी सत्ता में नहीं आयेगा।

दैनिक जागरण के शब्द हैं– सरकार ने जो भी कहा, किया।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– चीन में फैले वायरस से देश में पांच संक्रमित, रिम्स में दो दिन में जांच सुविधा।

प्रभात खबर लिखता है– एचएमपीवी वायरस को लेकर झारखंड तैयार, बचाव के लिए गाइडलाइन जारी।

रांची एक्सप्रेस ने हेमंत सोरेन के हवाले से लिखा है– महिलाओं को आगे ले जाने में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना निर्णायक साबित होगी।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने छतीसगढ़ में नक्सली हमले में आठ जवान सहित नौ के शहीद होने की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*****************